# पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा

# संभावित पेपर-1

**1. इनमें से कौनसा हड़प्पा स्थल गुजरात में पाया गया है?**

(अ) बालाथल (ब) खांडिया (स) धौलावीरा (द) मांडा

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** हड़प्पा युगीन नगर धौलावीरा को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन ने वैश्विक धरोहर की सूची में शामिल कर लिया है यह गुजरात के रण ऑफ कच्छ में खादिर बेट द्वीप पर स्थित है

**2. मध्य प्रदेश का सबसे छोटा राष्ट्रीय उद्यान कौन सा है?**

(अ) फासिल (ब) माधव

(स) वन विहार (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** मध्य प्रदेश का सबसे छोटा राष्ट्रीय उद्यान फासिल है जिसका क्षेत्रफल मात्र 0.27 वर्ग किलोमीटर है जबकि वन विहार का 4.45 वर्ग किलोमीटर है माधव का 337 वर्ग किलोमीटर है

**3. निम्नलिखित में से किसने अपने सैनिकों के लिए सैन्य शहर सीरी का निर्माण किया?**

(अ) मोहम्मद तुगलक (ब) गयासुद्दीन तुगलक

(स) अलाउद्दीन खिलजी (द) कुतुबुद्दीन ऐबक

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** अलाउद्दीन खिलजी ने 1303 ईस्वी में सैन्य शहर सीरी की नींव रखी उसने सीरी शहर की पानी की जरूरत को पूरा करने के लिए हौज- ए- खास नामक जलाशय का भी निर्माण करवाया

**4. बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान कहां पर स्थित है?**

(अ) शहडोल (ब) उमरिया (स) डिंडोरी (द) मंडला

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** देश का सर्वाधिक बाघ घनत्व वाला तथा 32 पहाड़ियों से घिरा बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में स्थित है जिसे 1993 से प्रोजेक्ट टाइगर में शामिल किया गया है

**5. महात्मा गांधी ने रॉलेट एक्ट के विरुद्ध सत्याग्रह किस वर्ष में किया था?**

(अ) 1922 (ब) 1920 (स) 1919 (द) 1921

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** महात्मा गांधी जी द्वारा रॉलेट एक्ट सत्याग्रह 1919 के अराजक और क्रांतिकारी अपराध अधिनियम को लागू करने वाली ब्रिटिश सरकार के खिलाफ किया गया था

**6. भालकुंड जलप्रपात यहां पर है-**

(अ) भेड़ाघाट (ब) नरसिंहपुर (स) सागर (द) रीवा

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** भालकुंड जलप्रपात मध्य प्रदेश के सागर जिले में है जो प्रदेश की बेतवा नदी द्वारा बनाया जाता है नर्मदा द्वारा मांधार व दरदी एवं भेड़ाघाट के पास धुआंधार जलप्रपात बनाया जाता है

**7. संसद द्वारा नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम किस वर्ष में पारित किया गया था?**

(अ) 2011 (ब) 2006 (स) 2009 (द) 2010

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** संसद द्वारा नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम वर्ष 2009 में पारित हुआ तथा 1 अप्रैल 2010 से पूरे भारत में लागू कर दिया गया

**8. हिंडोला महल कहां है?**

(अ) ओरछा (ब) मांडू (स) ग्वालियर (द) फतेहपुर सीकरी

**उत्तर- (ब)**

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**व्याख्या-** हिंडोला महल मध्य प्रदेश के धार जिले में मांडू में स्थित है यह स्थल रानी रूपमती तथा बाज बहादुर की प्रणय कथाओं के लिए प्रसिद्ध है इसके अलावा जहांगीर महल, जहाज महल भी यही है

**9. भारत के संविधान के---- में समान नागरिक संहिता के प्रावधानों का उल्लेख किया गया है?**

(अ) भाग VI (ब) भाग IV (स) भाग X (द) भाग III

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** भारतीय संविधान के भाग IV में नीति निदेशक सिद्धांतों के तहत अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता समान सिविल/ संहिता का वर्णन किया गया है

**10. निम्नलिखित में से किस दुर्ग का निर्माण अलाउद्दीन खिलजी ने कराया?**

(अ) मंदसौर (ब) नरवर (स) मंडला (द) गिन्नौरगढ़

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** 14 वीं शताब्दी में अलाउद्दीन खिलजी ने मंदसौर के किले का निर्माण कराया नरवर का किला राजा नल ने, मंडला दुर्ग को राजा नरेन्द्र शाह ने तथा गिन्नौरगढ़ का किला महाराजा उदयवर्मन ने बनवाया था

**11. हैली धूमकेतु लगभग कितने वर्ष बाद नजर आता है?**

(अ) 84 (ब) 76 (स) 24 (द) 48

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** हैली धूमकेतु लगभग 76 वर्ष के अंतराल पर दिखाई देता है हैली एकमात्र धूमकेतु है जिसे पृथ्वी से नग्न आंखों में देखा जा सकता है यह अंतिम बार वर्ष 1986 ईस्वी में दिखाई दिया था वर्तमान समय में यह 1986+76 = 2062 ईस्वी में दिखाई देगा सौरमंडल में पाए जाने वाले पत्थर, धूल, बर्फ और गैस के बने हुए छोटे-छोटे खंडों को धूमकेतु कहते हैं

**12. मध्यप्रदेश में पर्यावरण न्यायालय कहां पर है?**

(अ) भोपाल (ब) जबलपुर (स) ग्वालियर (द) इंदौर

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश में पर्यावरण न्यायालय की स्थापना भोपाल में की गई है जो मध्य प्रदेश का प्रथम पर्यावरण न्यायालय है

**13. विश्व के सबसे बड़े खारे रेगिस्तानों में से एक कच्छ का रण भारत के किस राज्य में स्थित है?**

(अ) मध्य प्रदेश (ब) गुजरात (स) तेलंगाना (द) असम

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** विश्व के सबसे बड़े एवं खारे रेगिस्तानों में से एक कच्छ का रण भारत के गुजरात राज्य में कच्छ जिले के उत्तर एवं पूर्व में स्थित है कच्छ का रण लगभग 23,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला हुआ है

**14. निमाड़ का खजुराहो कहा जाने वाला ऊन प्रदेश के किस जिले में स्थित है**

(अ) बुरहानपुर (ब) खंडवा (स) खरगोन (द) बड़वानी

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** मध्य प्रदेश के निमाड़ का ऊन प्रदेश खजुराहो के उपनाम से संबोधित किया जाता है जो खरगोन में है खरगोन जिले के ऊन को केंद्रीय सरकार ने राष्ट्रीय स्मारक सूची में शामिल किया है

**15. तेलंगाना राज्य में लोकप्रियता से निम्नलिखित में से कौन सा नृत्य के रूप में किया जाता है?**

(अ) मोहिनीअट्टम (ब) पेरीना तांडवम

(स) सत्रिय (द) भरतनाट्यम

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** तेलंगाना की संस्कृति में लोक नृत्य की भूमिका अहम होती है यहां का प्राचीन नृत्य पेरीना तांडवम है जिसे हाल के दिनों में पुनर्जीवित किया गया है यह नृत्य आमतौर पर पुरुषों द्वारा किया जाता है

**16. विश्व विरासत दिवस कब मनाया जाता है?**

(अ) 8 मार्च (ब) 8 अप्रैल (स) 18 अप्रैल (द) 25 मई

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** विश्व धरोहर दिवस अथवा विश्व विरासत दिवस प्रतिवर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

कि पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है

**17. विश्व बैंक की स्थापना कब की गई थी?**

(अ) द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद

(ब) प्रथम विश्व युद्ध के दौरान

(स) प्रथम विश्व युद्ध से पहले

(द) द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** द्वितीय विश्व युद्ध वर्ष 1939 से 1945 तक चला जबकि विश्व बैंक का गठन जुलाई 1944 में हुआ था अत: स्पष्ट है कि विश्व बैंक का गठन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हुआ विश्व बैंक में 189 सदस्य तथा इसका मुख्यालय अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डी. सी. में है

**18. विश्व बौद्धिक संपदा संगठन का मुख्यालय कहां स्थित है?**

(अ) टोक्यो (ब) बीजिंग (स) पेरिस (द) जेनेवा

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना 1967 में हुई है तथा इसका मुख्यालय जेनेवा में है वर्तमान में इसके 191 सदस्य देश है भारत 1975 में इसका सदस्य बना

**19. कॉफी बोर्ड ऑफ इंडिया का मुख्य कार्यालय कहां स्थित है?**

(अ) दार्जिलिंग (ब) बेंगलुरु (स) तिरुवंतपुरम (द) गुवाहाटी

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** भारत में कॉफी का उत्पादन मुख्य रूप से दक्षिण भारतीय राज्यों के पहाड़ी क्षेत्र में होता है जिसमें कर्नाटक में सर्वाधिक 70 प्रतिशत उत्पादन होता है वर्ष 1942 में कर्नाटक में बेंगलुरु में कॉफी बोर्ड ऑफ इंडिया का गठन किया गया

**20. चेर्नोबिल परमाणु आपदा किस वर्ष में हुई थी?**

(अ) 1986 (ब) 1987 (स) 1984 (द) 1985

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** चेर्नोबिल परमाणु आपदा सोवियत संघ में 26 अप्रैल 1986 को हुआ था यह लागत और हताहत दोनों मामले में आज तक का सबसे भयानक परमाणु दुर्घटना रहा है

**21. निम्नलिखित में से कौन सा वर्णक फलों और सब्जियों के रंगों के निर्धारण के लिए जिम्मेदार है?**

(अ) हीमोसायनिन (ब) मेरोसायनिन

(स) इंडोसायनिन (द) एंथोसायनिन

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** फलों और सब्जियों के रंगों का निर्धारण एंथोसायनिन वर्णक करता है एंथोसायनिन जामुन, प्याज, अनार, अंगूर, टमाटर, चोकोबेरी आदि में पाया जाता है

**22. प्रजातियों में---- जीवित रहने का लाभ प्रदान कर सकता है अथवा केवल आनुवांशिक क्रम में योगदान प्रदान कर सकता है?**

(अ) प्रजाति करण (ब) परागण (स) परिवर्तन (द) निषेचन

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** प्रजातियों में परिवर्तन जीवित रहने का लाभ प्रदान कर सकता है अथवा केवल आनुवांशिक क्रम में योगदान प्रदान कर सकता है

**23. आप उस जीव को किस जगत में रखेंगे जो एक कोशिकीय, यूकैरियोटिक या सुकेंद्रकी और प्रकाश संश्लेषक है?**

(अ) कवक (ब) मोनेरा (स) प्रोटिस्टा (द) प्लांटी

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** प्रोटिस्टा जगत के जीव एककोशिकीय तथा सुकेन्द्रीय होते हैं जिनमें समस्त कोशिका उपस्थित होते है इस जगत के जीव प्रकाश संश्लेषण, परापोषण, या अवशोषण द्वारा अपना भोजन ग्रहण करते हैं

**24. निम्न में से कौन सा विटामिन K की कमी के कारण होता है?**

(अ) रक्त के थक्के जमने की विफलता

(ब) गर्भाशय में ब्लास्टोसिस्ट का बनना

(स) डिंब की अपरिपक्वता

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

(द) तंत्रिकाशोथ

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** रक्त के थक्के जमने की विफलता विटामिन K की कमी के कारण होती है

**25. निम्नलिखित में से कौन सा मनुष्य का विषाणु जनित रोग नहीं है?**

(अ) इन्फ्लूएंजा (ब) डेंगू (स) एड्स (द) रिंडरपेस्ट

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** इनफ्लूएंजा डेंगू तथा एड्स मनुष्य में होने वाला विषाणु जनित रोग है जबकि रिंडरपेस्ट पशुओं में होने वाला एक विषाणु जनित रोग है

**26. कुष्ठ रोग को---- नाम से भी जाना जाता है?**

(अ) एनजाइना (ब) हैनसेन रोग

(स) गौचर रोग (द) हॉजकिन रोग

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** कोढ़ या कुष्ठ रोग एक संचारणशील रोग है इसे हैनसेन रोग भी कहते हैं यह माइकोबैक्टीरियम लेप्री नामक जीवाणु से होता है

**27. कौन सा जीव ऑक्सीजन के बिना जीवित रह सकता है?**

(अ) वायुजीवी (ब) अवायुजीवी (स) परजीवी (द) सहजीवी

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** अवायुजीवी जीव ऑक्सीजन के बिना जीवित रह सकता है यीस्ट अवायवीय रूप से श्वसन करते हैं और एल्कोहल निर्मित करते हैं

**28. ----स्थितियों में वाष्पोत्सर्जन कम हो जाता है?**

(अ) उच्च तापमान (ब) निम्न आद्रता

(स) उच्च आद्रता (द) प्रकाश की उच्च तीव्रता

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** उच्च आद्रता की स्थितियों में वाष्पोत्सर्जन कम हो जाता है

**29. निम्नलिखित में से किस गैस का उपयोग खाद्य पदार्थों को ऑक्सीकृत होने से रोकने के लिए किया जाता है?**

(अ) हाइड्रोजन (ब) ऑक्सीजन (स) क्लोरीन (द) नाइट्रोजन

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** खाद्य सामग्री के पैकेटों को ऑक्सीकृत होने से बचाने के लिए नाइट्रोजन गैस का उपयोग किया जाता है क्योंकि नाइट्रोजन गैस एक कम अभिक्रियाशील तत्व है

**30. निम्न में से किस अधातु को यदि हवा में रखा जाए तो इसमें आग लग जाती है?**

(अ) सल्फर (ब) यूरेनियम (स) नाइट्रोजन (द) फास्फोरस

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** फास्फोरस एक रासायनिक तत्व है जिसका रासायनिक चिन्ह P तथा परमाणु संख्या 15 है अत्यधिक क्रियाशील होने के कारण प्रकृति में फास्फोरस स्वतंत्र अवस्था में नहीं पाया जाता है यह वायु के संपर्क में आने से आग पकड़ लेता है इसलिए इसे पानी में डुबाकर रखा जाता है

**31. निम्नलिखित में से कौन सा पदार्थ चमकदार दिखाई देता है?**

(अ) सल्फर (ब) एल्युमीनियम (स) कार्बन (द) कोयला

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** एल्युमीनियम एक धातु है जो कि चमकदार दिखाई देती है

**32. निम्न में से कौन सी धातु विद्युत की सर्वश्रेष्ठ चालक है?**

(अ) तांबा (ब) टंगस्टन (स) एल्युमीनियम (द) चांदी

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** चांदी एक चमकीली सफेद धातु है यह अत्यधिक लचीली, आघातवर्धनीय, तन्य तथा ऊष्मा व विद्युत की सर्वोत्तम चालक धातु है

**33. गुरुत्व बल___ के बीच आकर्षण बल द्वारा परिभाषित होता है?**

(अ) दो आवेशों (ब) दो द्रव्यमानों

(स) दो चुंबकों (द) एकाधिक द्रव्यमानों

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

उत्तर-(ब)

**व्याख्या-** न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण नियम के अनुसार दो पिंडों के बीच एक आकर्षण बल कार्य करता है अर्थात गुरूत्व बल वह आकर्षण बल है जिससे पृथ्वी किसी वस्तु को अपनी केंद्र की ओर खींचती है

**34. गली के पीले लाइट में किसका प्रयोग किया जाता है?**

(अ) नियॉन (ब) नाइट्रोजन (स) फास्फोरस (द) सोडियम

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** पीले लाइट या सोडियम वेपर लैंप में सोडियम का प्रयोग किया जाता है इस लैंप में U आकार की कांच की एक ट्यूब होती है जिसके सिरों पर दो ऑक्साइड लेपित टंगस्टन इलेक्ट्रोड होते हैं तथा सोडियम धातु के दानें तथा नियॉन गैस भरी होती है

**35. निर्वात से एक माध्यम में प्रकाश की गति के अनुपात को क्या कहा जाता है?**

(अ) रिफ्लेक्टिव इंडेक्स (ब) रिफ्रेक्टिव इंडेक्स

(स) मेडिवेक इंडेक्स (द) एयर क्वालिटी इंडेक्स

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** निर्वात में एक माध्यम में प्रकाश की गति के अनुपात को रिफ्रेक्टिव इंडेक्स कहा जाता है










